J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

NEWS CLIPPING:12.12.2023

PUNJAB KESARI

'विकसित भारत-2047 युवाओं की आवाज' में जेसी बोस विश्वविद्यालय ने की भागीदारी

■ अभियान को लेकर छात्रों, शिक्षकों में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में हिस्सा लेते विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी।

फरीदाबाद, 11 दिसम्बर (ब्यूरो): स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल विकसित भारत-2047 को लेकर देश के युवाओं को उनके कर्तव्यों का बोध करवाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत-2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की सक्रिय भागदारी रहीं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया संबोधन रहा। विश्वविद्यालय के सभागार में छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री के संबोधन की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें कई छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों की भागीदारी उत्साहपूर्ण रही।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में छात्रों और युवाओं की ऊर्जा को विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगाने के महत्व पर बल दिया तथा सभी को अपनी क्षमताओं से बढ़कर इसमें योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं के साथ अधिकतम जुड़ाव बनाए रखने और विकसित भारत के निर्माण के लिए नीतिगत निर्णयों में युवाओं की आवाज को शामिल करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

NEWS CLIPPING:12.12.2023

NAVBHARAT TIMES

विकसित भारत-2047 में लिया हिस्सा

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: विकसित भारत-2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों व स्टाफ को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। यूनिवर्सिटी के सभागार में छात्र कल्याण कार्यालय ने प्रधानमंत्री के संबोधन स्क्रीन पर सुने गए। यूनिवर्सिटी में विकसित भारत-2047 अभियान के तहत सभी गतिविधियां डीन छात्र कल्याण प्रफेसर मुनीश वशिष्ठ व प्रफेसर सोनिया बंसल की देखरेख में जा रही हैं।

NEWS CLIPPING:12.12.2023

AMAR UJALA

वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएम ने किया संबोधित

फरीदाबाद। स्वतंत्रता के 100 वें वर्ष तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य 'विकसित भारत-2047 : युवाओं की आवाज' कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

इसमें जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय व मानव रचना विश्वविद्यालय (एमआरयू) ने भी भागीदारी निभाई। कार्यशाला में माननीय प्रधान मंत्री ने आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर भारत के भविष्य को तैयार करने में भारत के युवाओं की भूमिकाओं और महत्व का उल्लेख किया। इसमें माननीय राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल, मंत्री और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों सहित जेसी बोस के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर,एमआरयू के उपकुलपति प्रो. (डॉ.) आईके भट्ट और रजिस्ट्रार कामेश्वर सिंह भी शामिल हुए। कार्यशाला में विचार-विमर्श भी किया गया। संवाद